# ऑनलाइन ज्ञान अर्जन पाठ्यक्रम की दी जानकारी

## छात्र-छात्राओं का स्किल डेवलपमेंट के लिए विवि में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने की पहल की गई

**जागरण संवाददाता, आरा :** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय समेत संबद्ध कॉलेजों में स्वयं के माध्यम से ऑनलाइन ज्ञान अर्जन पाठ्यक्रमों की शुरुआत पांच अगस्त से होगी। इसके लिए कवायद जारी है। डिजिटल इंडिया प्रोग्राम के शुक्रवार को इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी कोर्स की पढ़ाई प्रारंभ करने से पूर्व सभी कॉलेजों के समन्वयकों व विवि के समन्वयक के साथ स्पोकेन ट्यूटोरियल ट्रेनिंग प्रोग्राम का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वीसी डॉ. सैयद मुमताजुद्दीन ने की। अध्यक्षता बी.एन. राय व संचालन विनय कुमार मिश्रा ने की। इस अवसर पर प्रो.ध्यावेन्द्र कुमार, डॉ.के.एम. सिंह, डॉ. निखिल कुमार, बीएन पंडित समेत कई लोग उपस्थित थे।

आईआईटी मुंबई की ओर से विज्ञान भवन के भौतिक विज्ञान विभाग में पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से उपस्थित लोगों को पहले चरण के तहत ऑफिस.लिब्रे के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि विवि के अंतर्गत जितने भी छात्र-छात्राएं है, उन सभी का ईमेल आईडी लेकर 30 जुलाई तक आईआईटी मुबंई के वेबसाइड पर अपलोड कर देना है। सोलह भाषाओं में इस कोर्स की पढ़ाई घर बैठे ही अब वीकेएसयू के छात्र-छात्राएं ऑनलाइन कर सकते है। जिसकी विस्तार से चर्चा की गई। ऑनलाइन ज्ञान अर्जन पाठ्यक्रमों की पढ़ाई वीकेएसयू के सभी कॉलेजों में की जाएगी। इसके लिए सभी कॉलेजों में संयोजक नियुक्त किए गए है।



विवि के भौतिक विभाग के सेमिनार में भाग लेते कुलपति • जागरण

### जैन कॉलेज में महिला छात्रावास का वीसी ने किया उद्घाटन

**आरा :** हर प्रसाद दास जैन कॉलेज में अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला के नाम पर बना महिला छात्रावास का उदघाटन शुक्रवार को वीसी डॉ. सैयद मुमताजुद्दीन ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर वीसी ने कहा कि कॉलेज में स्नातक व स्नातकोत्तर में पढने वाली छात्राओं के लिए छात्रावास की व्यवस्था की गई है जिसमें में सौ छात्राओं के रहने के लिए सभी सुविधा मुहैया कराई जाएंगी। इस अवसर पर वीसी ने छात्रावास परिसर में अशोक का वृक्ष भी लगाए। वीसी द्वारा लगाए गए वृक्ष को एनएसएस के स्वयंसेवक धीरज कुमार ने गोद लिया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. सी.एस.साहा, चिंटू चौबे, दीपक कुमार, राज पाण्डेय, पंकज कुमार, सन्नी कुमार, दीपक कुमार चौबे, मंजित ठाकुर, दीपू समेत कई लोग उपस्थित थे।

### मांगों के समर्थन में अभाविप का एसबी कॉलेज में धरना

**आरा :** बारह सूत्री मांगों के समर्थन में शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले छात्र-छात्राओं ने एसबी कॉलेज में धरना दिया। धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कॉलेज को नैक से बी ग्रेड मिलने के बाद संसाधनों का घोर अभाव है। कॉलेज में इंडोर गेम की व्यवस्था करने, पेयजल की व्यवस्था करने, बीबीए विभाग में योग्य शिक्षकों की नियुक्ति करने आदि की मांग की गई। इस अवसर पर कृष्ण देव यादव, शैलेश, चंदन तिवारी,आशीष, विवेक,नवीन, प्रिंस सोनी, राकेश शंकर तिवारी आदि उपस्थित थे।

## डॉ.. आशा रानी बनीं मानविकी विभाग की संकायाध्यक्ष

**जागरण संवाददाता,आरा :** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के मानविकी संकाय के संकायाध्यक्ष पद पर डॉ.. आशा रानी की नियुक्ति की गई है। इस आशय की अधिसूचना कुलसचिव कार्यालय की ओर से जारी की गई है। दो साल के लिए डॉ. आशा रानी संकायाध्यक्ष बनाई गई है। ये वीकेएसयू के पीजी दर्शनशास्त्र विभाग में कार्यरत थी। इनकी नियुक्ति पर विभिन्न संगठनों ने आभार व्यक्त किया है।

**चार परीक्षा केन्द्रों पर ली जाएगी बीसीए की परीक्षाएं :** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय बीसीए सेमेस्टर टू और बीसीए सेमेस्टर फोर की परीक्षा के लिए प्रोग्राम जारी कर दिया गया है। परीक्षाएं नौ अगस्त से लेकर सोलह अगस्त तक विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर ली जाएंगी। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि परीक्षा के लिए कुल चार परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। भोजपुर जिला के सभी कॉलेजों के परीक्षार्थियों की परीक्षा एसबी कॉलेज में, बक्सर जिला के सभी कॉलेजों की परीक्षा पीसी कॉलेज बक्सर में आयोजित कराई जाएंगी। जबकि कैमूर जिला के परीक्षार्थियों की परीक्षा एमडीआरपीडी महिला कॉलेज, भभुआ व रोहतास जिला के परीक्षार्थियों की परीक्षा एबीआर कॉलेज सासाराम में ली जाएंगी। परीक्षा दो पाली में आयोजित कराई जाएंगी। प्रथम पाली में बीसीसीए

वीकेएसयू में सर्विस प्रोवाइडर के माध्यम से नियत पारिश्रमिक वेतनमान पर 25 डाटा इंट्री ऑपरेटर की सेवा बहाल की है। संविदा के आधार पर नियुक्त किए गए डाटा इंट्री ऑपरेटरों की नाम की सूची कुलसचिव को भेजी है। जिसमें कहा गया है कि इनकी प्रतिनियुक्ति मेधा सूची के वरीयता क्रम एवं रोस्टर बिंदु का अनुपालन करते हुए जारी की गई है। जारी सूची के अनुसार मृत्युंजय कुमार मिश्रा, विंध्याचल कुमार पांडेय, विक्की कुमार, आकाश कुमार, कन्हैया कुमार, कुमार मंजय, परमीत कुमार सिंह, सुधीर कुमार चौबे, अभयानंद, अमित कुमार राय, मुकेश कुमार सिंह यादव, रवि शंकर यादव,प्रतीक गोपाल, सुभाष कुमार, चंदन कुमार भगत, मो.सोहराब अंसारी, मो.नियाजुद्दीन, मो.नियामुद्दीन, सिम्पी, मंटू कुमार, गुप्तेश्वर कुमार, अजय कुमार कुशवाहा, कमलेश सिंह यादव, धन्नु कुमार, दिनेश कुमार राम, विशाल कुमार दास का नाम शामिल है। ये सभी डाटा ऑपरेटर एक से दो दिनों के भीतर वीकेएसयू में योगदान कर लेंगे। बता दे कि संविदा के आधार पर नियुक्त किए गए डाटा ऑपरेटरों के कारण परीक्षा विभाग में अब आउट सोर्सिंग के माध्यम से कराए जा रहे कार्यों पर विराम लग जाएगा।

**30 जुलाई तक दाखिला के लिए जमा**

विकल्प नहीं है।

**अब विषय में फेरब**

में गलत विषय का
अभ्यर्थियों को बो
कि किसी भी स्थि
फेरबदल अब नहीं
अभ्यर्थी निराश हो
अभ्यर्थियों को अ
दिया गया।

**साइंस और सोश**

: मोतिहारी की
की प्रियंका एवं
प्रकाश, रोहतास
ने बताया कि
में परिवर्तन के
कार्यालय आ
नहीं हो रही।
पेच साइंस औ
लेकर फंसा है
को सोशल स

**डीईसीई–**
**25 तक**

बीसीईसीई
प्रतियोगित
कार्ड पर्ष
दिया गय
होने की
इसमें सु

**बीबी**
**मुक**

जागर
विद्या
माध्य
प्रथम
है।
बीबी
गया

जिससे शिक्षा का माहौल बने. इस मौके

जारी है. प्रभा. खबर 22.7.2017

# स्पोकेन ट्यूटोरियल ट्रेनिंग प्रोग्राम को लेकर आयोजित हुई कार्यशाला

**आरा.** स्पोकेन ट्यूटोरियल ट्रेनिंग प्रोग्राम को लेकर अंगीभूत कॉलेज के को-ऑर्डिनेटर, प्राचार्य व विवि को-ऑर्डिनेटरों की कार्यशाला विवि के विज्ञान भवन में शुक्रवार को आयोजित हुई. कार्यशाला का उद्घाटन कुलपति प्रो सैयद मुमताजुद्दीन ने किया. कुलपति प्रो सैयद मुमताजुद्दीन ने कहा कि आइआइटी, मुंबई के द्वारा आइटी कोर्स पीजी छात्रों को कराया जाना है. कॉलेज और विवि पीजी के छात्रों को इसी सत्र से इसका लाभ मिलेगा. यह ऑनलाइन व निःशुल्क कोर्स है, जो छात्रों के कैरियर के लिए मददगार साबित होगा. उन्होंने कहा कि आइआइटी, मुंबई द्वारा छात्रों को आइटी कोर्स के तहत तमाम तरह की सुविधाएं प्रदान की जायेंगी. जिले के छात्र घर बैठे कोर्स पूरा कर सकते हैं. इसके बाद उन्हें सर्टिफिकेट भी मिलेगा. उन्होंने विवि और कॉलेज को-ऑर्डिनेटरों से इसे सफल बनाने की अपील की. वहीं इस कोर्स के विवि सेंटर को- ऑर्डिनेटर डॉ बीके मिश्रा ने इसकी विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया. उन्होंने कहा कि 30 जुलाई तक छात्र-छात्राओं का बायोडाटा तैयार कर कॉलेज और विवि को-ऑर्डिनेटर अपलोड कर दें. इसके अलावे उन्होंने ऑफिस लिब्रे प्रोग्राम के बारे में भी जानकारी दी. उन्होंने कहा कि बायोडाटा में कॉलेज व पीजी विभाग के नामांकित छात्रों का फर्स्ट नेम, लास्ट नेम, इमेल आइडी, जेंडर आदि की जानकारी देनी है. इसमें किसी तरह की गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए. खास कर इ-मेल आइडी छात्र-छात्राओं का ही होना चाहिए. उन्होंने कहा कि आइआइटी, मुंबई द्वारा आइटी कोर्स के तहत छात्रों को ऑनलाइन पाठ्यक्रम की शिक्षा दी जानी है. इसलिए इ-मेल आइडी का सही होना जरूरी है. परीक्षा भी ऑनलाइन होनी है. वहीं सर्टिफिकेट भी ऑनलाइन छात्रों को प्राप्त होगा,

हिन्दुस्तान 22.7.17

# आईटी सॉफ्टवेयर ट्रेनिंग प्रोग्राम का हुआ आयोजन

आरा। विवि में शुक्रवार को आईटी सॉफ्टवेयर ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विवि व सभी अंगीभूत कॉलेजों के आईटी को-ऑर्डिनेटर उपस्थित थे। प्रशिक्षण के दौरान ऑफिस लिब्रा सॉफ्टवेयर की जानकारी दी गयी। छात्रों के ई-मेल आईडी को अपलोड करने के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गयी। छात्रों का ई-मेल आईडी 30 जुलाई तक अपलोड कर देना है। प्रशिक्षण सेंट्रल कोऑर्डिनेटर डॉ. बी के मिश्रा व एम सी ए विभाग के डॉ. अनिल सिन्हा ने दिया।

**सड़क पर टहनी गिरने से वनवे बना स्टेट हाईवे : चरपोखरी।** तेज आंधी के समीप आरा-सासाराम स्टेट हाईवे के किनारे लगाया पेड़ सड़क पर गिर गया। इससे शुक्रवार को यातायात वनवे बना रहा। इसके बाद भी स्थानीय प्रशासन द्वारा न तो हटवाया गया।